मुख्यमंत्री सचिवालय

प्रेस विज्ञप्ति

रांची,दिनांक: 12/10/2024

मुख्यमंत्री सचिवालय
प्रेस विज्ञप्ति -- 290/2024
12 अक्टूबर 2024
मोरहाबादी मैदान, रांची
====================
मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन विजयादशमी के अवसर पर पंजाबी-हिंदू बिरादरी दशहरा कमिटी की ओर से मोरहाबादी मैदान में आयोजित "रावण दहन" कार्यक्रम में हुए सम्मिलित
====================

- आप सभी को विजयादशमी एवं दशहरा पर्व की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं
- भगवान श्री राम के आदर्शों को हम सभी अपने जीवन में आत्मसात करें

श्री हेमन्त सोरेन, मुख्यमंत्री, झारखंड

दशहरा का त्यौहार असत्य पर सत्य, अधर्म पर धर्म, अन्याय पर न्याय और बुराई पर अच्छाई का विजय पर्व है। हम आज इस त्यौहार को हर्षोल्लास के साथ मना रहे हैं। एक -दूसरे के साथ मिलजुल कर इस पर्व की खुशियों को बांट रहे हैं। इस अवसर पर सभी राज्य वासियों को दशहरा एवं

विजयदशमी की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन विजयादशमी के पावन अवसर पर पंजाबी-हिंदू बिरादरी दशहरा कमेटी द्वारा मोरहाबादी मैदान में आयोजित "रावण दहन" कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

भगवान श्री राम के आदर्शों को आत्मसात करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि सदियों से दशहरा का त्योहार इसलिए मनाते आ रहे हैं कि इस दिन भगवान श्री राम ने रावण का वध किया था। आज हर वर्ष की भांति इस बार भी रावण दहन कार्यक्रम में यहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु जन मौजूद हैं। । हम सभी भगवान राम के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करें और सत्य एवं सदाचार के रास्ते पर आगे बढ़ें।

मुख्यमंत्री ने रावण का फूंका पुतला, कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति से मोहा दिल

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति में वर्षों से चली आ रही परंपरा का निर्वहन करते हुए रावण का पुतला फूंककर अन्याय पर न्याय की जीत का संदेश दिया। इस अवसर पर लंका दहन तथा कुंभकर्ण एवं मेघनाथ के पुतले फूंके गए। वहीं, लोक कलाकारों ने भव्य रामदरबार दर्शन और सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर सभी का मन मोह लिया। मुख्यमंत्री ने भगवान राम, लक्ष्मण एवं सीता माता का रूप धारण किए कलाकारों का अभिनंदन किया। इस अवसर पर आतिशबाजी का मनभावन नजारा भी दिखा।

मोरहाबादी मैदान में आयोजित रावण दहन कार्यक्रम में केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ, विधायक श्री सीपी सिंह, पूर्व डिप्टी मेयर श्री संजीव विजयवर्गीय, पंजाबी- हिंदू बिरादरी दशहरा कमेटी के अध्यक्ष श्री सुधीर उग्गल एवं दशहरा कमेटी के अध्यक्ष श्री कुणाल अजमानी, पंजाबी- हिंदू बिरादरी दशहरा कमेटी के उपाध्यक्ष श्री रणदीप आनंद सहित अन्य गणमान्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

==========================

#Team PRD(CMO)